Officers in Scale IV and above	1000	800	700
Officers in Scale I/II/III	800	700	600

Provided that in the case of officers in Scale IV and above, Halting Allowance payable per diem while on outstation work at the four metros, viz., Delhi, Mumbai, Kolkata and Chennai, shall be Rs.1200 and for officers in Scale I or II or III, the per diem Halting Allowance an shall be Rs.1000:

Provided further that where the total period of absence is less than eight hours but more than four hours, Halting Allowance at half the above rates shall be payable.

Explanation.- For the purpose of computing Halting allowance "per diem" shall mean each period of twenty-four hours or any subsequent part thereof, reckoned from the reporting time for departure in the case of air travel and the scheduled time of departure in other cases, to the actual time of arrival and where the total period of absence is less than twenty-four hours, "per diem" shall mean a period of not less than eight hours.'.

12. In regulation 42 of the said regulations, after sub-regulation (3), the following sub-regulation shall be inserted, namely:-

"(4) On and from the first day of May 2010, an officer on transfer shall be eligible to draw a lump sum amount for expenses connected with packing, local transportation, insuring the baggage, etc., as specified in the Table below, namely:-

"TABLE

Grade	Lump Sum
Top Executive and Senior Management	Rs.12000
Middle Management and Junior Management	Rs.9000".

13. In regulation 44 of the said regulations, in sub-regulation (3), the following proviso shall be inserted, namely:-

"Provided that with effect from the 1st May 2010, an officer in Junior Management Grade Scale I while availing Leave Travel Concession shall be entitled to travel by air in the lowest fare economy class in which case the reimbursement will be the actual fare or the fare applicable to AC First Class fare by train for the distance travelled, whichever is less and the same rules shall apply to an officer in Middle Management Grade

Scale II and Middle Management Grade Scale III while availing Leave Travel Concession where the distance is less than 1000 kms.".

14. In regulation 45 of the said regulations,-

(i) in sub-regulation (1), the following proviso shall be inserted, namely:-

"Provided that there shall be no Provident Fund to Officers joining the services of the Banks on or after 1st day of April, 2010.";

(ii) in sub-regulation (3), after clause (b) and before the Note, the following clause shall be inserted, namely:-

"(c) Officers who are covered under the Contributory Provident Fund Scheme who do not opt for Pension Scheme shall continue under the Contributory Provident Fund Scheme.";

(iii) after sub-regulation (3), the following sub-regulation shall be inserted, namely:-

"(4) The officers joining the services of the Bank on or after the 1st day of April 2010 shall be covered by a Defined Contributory Pension Scheme, where the officer shall contribute ten per cent, of pay plus Dearness Allowance and the Bank shall make the similar amount of contribution in accordance with the provisions of the Contributory Pension Scheme in accordance with New Pension Scheme notified by the Central Government vide notification of the Government of India, F.No.5/7/2003-ECB & PR dated the 22nd December, 2003, as amended from time to time."

15. For the Schedule to the said regulations, the following Schedule shall be substituted, namely,:-

"Schedule to ..... (Officers') Service Regulations, 1982

(See sub-regulation (2) of regulation 23)

With effect from the 1st day of November, 2007, an officer shall be eligible for the Special Area Allowance till such time they are withdrawn or modified either wholly or partially, as specified in the Table below, namely:-

TABLE

Sr. No.	Area	Allowances (Rs.)	
		Pay below Rs. 14,700/-	Pay above Rs. 14,700/-
1	2	3	4
1	Mizoram (a) Chimptuipui District of Mizoram and areas beyond 25 kms. from Lunglei Town in Lunglei District of Mizoram	2000	2600
1	(a) Throughout Lunglei District excluding areas beyond 25 kms, from Lunglei town of Mizoram. (c) Throughout Aizawl District of Mizoram	1600 1200	2100 1500
2	Nagaland	1600	2100
3.	Andaman and Nicobar Islands (a) North Andaman, Middle Andamans, Little Andaman, Nicobar and Narcondum Islands (b) South Andaman (including Port Blair)	2000 1600	2600 2100
4.	Sikkim	2000	2600
5.	Lakshadweep Islands	2000	2600
6.	Assam	320	400

7.	Meghakaya	320	400
8.	Tripura (a) Difficult areas of Tripura	1600	2100
	(b) Throughout Tripura except difficult areas.	2000	1500
9	Manipur	1200	1500
10.	Arunachal Pradesh (a) Difficult areas of Arunachal Pradesh	2000	2600
	(b) Throughout of Arunachal Pradesh other than difficult areas.	1600	2100
11.	Jammu and Kashmir (a) Kathua District: Niabat Bani, Lohi, Malhar and Machhodi	2000	2600
	(b) Udhampur District: (i) Dudu Basantgarh, Lander Bhamag Illaqa, other than those included in Part 2(b).	2000	2600
	(ii) Areas upto Goel from Kamban Side and areas upto Arnas from Keasi side in Tehsil Mohre.	1600	2100
	(c) Doda Diistrict: Illaquas of Padder and Niabat Nowgam in Kishtwar Tehsil	2000	2600
	(d) Leh District: All places in the District	2000	2600
	(e) Barmulla District	2000	2600
	(i) Entire Gurez-Nirabat, Tangdar Sub-Division and keranlIllaaqua		
	(ii) Matchill	1600	2100
	(f) Poonch and Rajouri District: Areas in Poonch and Rajouri District excluding the towns of Poonch and Rajouri and Sunderbani and other urban areas in the two Districts.	1200	1500
	(g) Areas not included in items (a) to (f) above, but which are within distance of 8kms. from the line of Actual Control or at places which may be declared as qualifying for border allowance from time to time by the State Government for their own staff.	1200	1500
12.	Himachal Pradesh (a) Chamba District (i) Pangi Tehsil, Bharmour Tehsil, Panchayats : Badgaun, Bajol, Deol Kugti, Nayagam and Tundah, Villages: Ghatu of Gram Panchayat Jagat, Kanarsi of Gram Panchayat Chauhata	2000	2600

IndiaCode

	(ii) Bharmour Tehsil, excluding Panchayats and Villages included in item (i) above.	1600	2100
	(iii) Jhandru panchayat in Bhatiyat Tehsil, Churah Tehsil, Dalhousie Town (including Banikhet proper).	1200	1500
	(b) Kinnaur District: (i) Asrang, Chitkul and Hango Kuno/Charang Panchayats, 15/20 Area comprising the Gram Panchayats of Chhota Khamba, Nathpa and Rupi, Pooh Sub-Division, excluding the Panchayat Areas specified above. (ii) Entire District other than Areas included in (a) above, (c) Kullu District: (i) 15/20 Area of Nirmand Tehsil, comprising the Gram Panchayats of Kharga, Kushwar and Sarga (ii) Outer-Saraj (excluding villages of Jakat-Khana and Burrow in Nirmand Tehsil) and entire District excluding outer Seraj area and pargana of Pandrabis but including villages Jagat-Khana and Burrow of Tehsil Nirmand). (d) Lahaul and Spiti District: Entire area of Lahaul and Spiti (e) Shimla District: (i) 15/20 Area of Rampur Tehsil comprising of Panchayats of Koot, Labana-Sadana, Sarpara and Chadi-Branda.	2000 1600 2000 1200 2000 2000	2600 2100 2600 1500 2600 2600
	(ii) Dora-Kawar Tehsil, Gram Panchayat of Darkali in Rampur, Kashapath Tehsil and Munish, Ghori Chaibis of Pargana Sarahan. (iii) Chopal Tehsil and Ghoris, Panjgaon, Patsnau, Naubis and Teen Koti of Pargana Sarahan, Deothi Gram Panchayat of Taklesh Area, Pargana Barabis, Kasba Rampur and Ghori Nog of Pargana Rampur of Rampur Tehsil, Simla Town and its suburbs (Dhalli, Jatog, Kasumpti, Mashobra, Taradevi and Tutu).	1600 1200	2100 1500
	(f) Kangra District: (i) Areas of Bara Bhangal and Chhota Bhangal	1600	2100
	(ii) Dharamshala Town of Kangra District and the following offices located outside the Municipal limits but included in Dharamshala Town-Women's ITI, Dari, Mechanical Workshop, Ramnagar, Child Welfare and Town and Country Planning Offices, Sakoh, CRSF Office at lower Sakoh, Kangra Milk Supply Scheme, Dugiar, HRTC Workshop, Sadher, Zonal Malaria Office, Dari, Forest Corporation Office, Shamnagar, Tea Factory, Dari, I.P.H Sub-Division, Dan, Settlement Office, Shamnagar, Hinwa Project, Shamnagar. Palampur Town of Kangra District including HPKVV Campus at Palampur and the following offices located outside its municipal limits but included in Palampur Town – H.P. Krishi Vishwavidhalaya Campus, Cattle Development Office/Jersey Farm, Banuri, Sericulture Office/Indo-German Agriculture Workshop/HPPWD Division, Bundla, Electrical Sub-Division, Lohna, D.P.O. Corporation, Bundla, Electrical HESEE Division, Ghuggar.	1200	1500

IndiaCode

	(g) Mandi District: Chhuhar Valley of Jogindernagar Tehsil, Panchayats in thunag Tehsil-of Bagraa, Chatri, Chhotdhar, Garagushain, Gatoo, Garyas, Janjehli, Jaryar, Johar, Kalhani, Kalwan, Kholanal, Loth, Silibagi, Somachan, Thachdhar, Tachi, Thana, Panchayats of Dharampur Block- Binga, Kamlah, Saklana, Tanyar and Tarakholah, Panchayats of Karsog Tehsil – Balidhar, Bagra, Gopalpur, Khajol, Mahog, Mehudi, Manj, Pekhi, Sainj, Sarahan and Teban, Panchayats of Sundernagar Tehsil – Bohi, Batwara, Dhanyara, Paura-Kothi, Seri and Shoja. (h) Sirmaur District: Panchayats of Bani, Bakhali (Pachhad Tehsil), BharogBheneri (Paonta Tehsil), Birla (Nahan Tehsil), Dibber (Pachhad Tehsil) and Thana Kasoga (Nahan Tehsil) and Thansgiri tract	1200 1200	1500 1500
	(i) Solan District : Mangal Panchayat. (j) Remaining areas of Himachal Pradesh not included in items (a) to (i) above.	1200 320	1500 400
13.	**Uttarakhand** Areas under Chamoli, Pithoragarh, utarkashi, Rudraprayad and Champavat Districts.	2000	2600”

IndiaCode

EXPLANATORY MEMORANDUM

The Regulations which have been given retrospective effect are as per the agreed terms and conditions of the Joint Notes signed between the Indian Banks' Association on behalf of member banks on the basis of specific mandate given by the respective banks in this regard and apex level officers' associations of the Banks. Therefore, interests of no person shall be adversely affected by such retrospective effect.

D. S. GROVER, Dy. General Manager

[ADVT.-III/4/Exty./341/17]

Note: various amendments in the regulations were published in the Gazette of India on vide following notifications, namely:-

S.No.	NOTIFICATION NO.	DATED	PUBLICATION DATE	AMENDMENT IN REGULATION No.
1	No. PSB/STAFF/OSR/1990	18.04.1990		2
2	No. PSB/STAFF/OSR/1991	03.05.1991	08.05.1991	21, 22, 24, 33, 41
3	No. PSB/STAFF/OSR/1992	19.05.1992	21.05.1992	23, 41, 44
4	No. PSB/STAFF/OSR/1995	15.02.1995	21.02.1995	19

5	No. PSB/STAFF/OSR/1996	08.10.1996	09.10.1996	4,5,21,22,23,24, 25,41,45,46
6	No. PSB/STAFF/OSR/1997	13.01.1997	27.01.1997	19
7	No. PSB/STAFF/OSR/1999	23.06.1999	24.07.1999	38
8	No. PSB/STAFF/OSR/2000	28.06.2000	07.07.2000	19
9	No. PSB/STAFF/OSR/2000	20.07.2000	12.08.2000	12,23,32,42
10	No. PSB/STAFF/OSR/2002	28.10.2002	06.11.2002	4,5,21,22,23,24,25,35,36,41,42,46
11	No.PSB/STAFF/OSR/2003	13.06.2003	28.06.2003	38
12	No.PSB/STAFF/OSR/2006	7.10.2006	20.10.2006	5

अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 अक्तूबर, 2017

पी.एस.बी/स्टाफ़/ औ.एस.आर/2017 ऐ.— बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 (1980 का 40) की धारा 19 और 12 की उप धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए **पंजाब एण्ड सिंध बैंक** का निदेशक मंडल, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केंद्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति से **पंजाब एण्ड सिंध बैंक (अधिकारी)** सेवा विनियम 1982 में आगे संशोधन हेतु एतद् द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :

1. (1) इन विनियमों को **पंजाब एण्ड सिंध बैंक** (अधिकारी) सेवा (संशोधन) अधिनियम, 2010 कहा जाएगा।

   (2) संबंधित विनियम में जहाँ कहीं भी वर्णन दिया गया है उसको छोड़कर, ये विनियम 2 जून, 2005 से लागू होंगे।

2. **पंजाब एण्ड सिंध बैंक**(अधिकारी) सेवा विनियम, 1982 (इसके बाद उक्त विनियम के रूप में संदर्भित होगा) के विनियम 3 में –

   (i) खंड छ(जी) के लिए, निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित होंगे, अर्थात् –

   '(छ) "परिवार" का अर्थ अधिकारी की पत्नी/पति (जो बैंक का कर्मचारी नहीं है), पूर्णतया आश्रित अविवाहित बच्चे (जिसमें आश्रित सौतेला तथा कानूनन गोद लिए गए बच्चे शामिल हैं) और माता-पिता जो सामान्यतया अधिकारी के साथ रहते हैं और उन पर पूर्णतया आश्रित हैं।;

   (ii) खंड ण(ओ) के लिए, निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित होंगे, अर्थात् –

   '(ण) "पूर्णतया आश्रित बच्चे या माता-पिता" का अर्थ उन बच्चों या माता-पिता से है जिनकी आय रु 2,550/- प्रतिमाह से अधिक नहीं है।'

   टिप्पणी :

   यदि माता-पिता में से किसी एक की आय रु 2,550 प्रतिमाह से अधिक है या माता-पिता दोनों की समग्र आय रु 2,550 प्रतिमाह से अधिक है, तो माता-पिता दोनों को अधिकारी पर पूर्णतया आश्रित नहीं माना जाएगा।

3. उक्त विनियमों में, विनियम 4 के उप विनियम (4) के लिए निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित होंगे, अर्थात् –

   (4) 01 नवंबर, 2002 को और उसके बाद, प्रत्येक श्रेणी के सामने विनिर्दिष्ट वेतनमान निम्नवत् होंगे:

   (क) उच्च कार्यपालक श्रेणी :

   वेतनमान VII – रु 29340 – $\frac{680}{2}$ – 30700 – $\frac{900}{1}$ – 31600 – $\frac{1000}{1}$ – 32600

   वेतनमान VI – रु 26620 – $\frac{680}{4}$ – 29340

   (ख) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :

   वेतनमान V – रु 24140 – $\frac{620}{4}$ - 26620

वेतनमान IV – रु 20480 – $\frac{560}{1}$ – 21040 – $\frac{620}{5}$ – 24140

(ग) मध्य प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान III – रु 18240 – $\frac{560}{5}$ – 21040 – $\frac{620}{2}$ – 22280

वेतनमान II – रु 13820 – $\frac{500}{1}$ – 14320 – $\frac{560}{10}$ – 19920

(घ) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान I – रु 10000 – $\frac{470}{6}$ – 12820 – $\frac{500}{3}$ – 14320 – $\frac{560}{7}$ – 18240

टिप्पणी :

31.10.2002 को लागू वेतनमानों द्वारा शासित होने वाले प्रत्येक अधिकारी का नियमन 01 नवंबर 2002 को इस उप विनियम में निर्धारित वेतनमान में प्रक्रम-दर-प्रक्रम आधार पर किया जाएगा, अर्थात् पहले प्रक्रम से तदनुरूपी प्रक्रमों पर और वेतनवृद्धियां, अन्यथा उपबंधित को छोड़कर, सामान्यतया अधिवर्षिता तिथि को होंगी।

(4क) उप-विनियम (1), (2), (3) और (4) की किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि बैंक के लिए हर समय इन सभी श्रेणियों में अधिकारी रखना अपेक्षित है।

4. उक्त विनियमों में, विनियम 5 के लिए निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित होगा, अर्थात् –

5. वेतन वृद्धियां -

(1) विनियम 4 के उप-विनियम (4) के उपबंधों के अधीन, 1 नवंबर, 2002 को और उस तिथि से, वेतनवृद्धियां निम्नलिखित शर्तों के अधीन स्वीकृत की जाएंगी, अर्थात् –

(क) विनियम 4 के उप-विनियम (4) में उपवर्णित वेतनमानों में विनिर्दिष्ट वेतनवृद्धियां, सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के अध्याधीन वार्षिक आधार पर प्रोद्भूत होंगी और वे जिस महीने में देय होती हैं उस महीने की पहली तिथि को दी जाएंगी ;

(ख) वेतनमान I और वेतनमान II के अधिकारियों को, अपने संबंधित वेतनमानों के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात्, अगले उच्च वेतनमान में अवरोध वेतन वृद्धि(यों) सहित आगे की वेतन-वृद्धियां नीचे खंड (ग) में विनिर्दिष्ट आधार पर दी जाएगी, बशर्ते कि वे दक्षतारोध को पार कर लें ;

(ग) ऊपर खंड (ख) में उल्लिखित अधिकारियों सहित, मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान II तथा III के अधिकतम पर पहुँचने वाले अधिकारियों को, यथास्थिति, वेतनमान II तथा III के अंतिम प्रक्रम पर पहुँचने के पश्चात् प्रत्येक 3 वर्षों की सेवा पूरी होने पर अवरोध वेतनवृद्धि(यां) दी जाएगी। वेतनमान II के अंतिम प्रक्रम पर पहुंच चुके अधिकारियों के मामले में रु 560/- की अधिक से अधिक दो वेतनवृद्धियां दी जाएंगी तथा वेतनमान III, के अंतिम प्रक्रम के अधिकारियों के मामले में रु 620/- की एक वेतनवृद्धि दी जाएगी। ये वेतनवृद्धियां निम्नलिखित शर्तों के अधीन मंजूर की जाएगी ;

परंतु, 1 नवंबर, 1994 को और उसके बाद से, मूल वेतनमान III के अधिकारियों को अर्थात् जो वेतनमान III में भरती या पदोन्नत हुए हैं, दूसरी अवरोध वेतनवृद्धि पहली अवरोध वेतनवृद्धि पाने के तीन वर्ष के पश्चात् प्रदान की जाएगी।

परंतु आगे ऐसी वेतन वृद्धि(यां) अगले उच्च वेतनमान/अवरोध वेतनवृद्धि उस अधिकारी को नहीं दी जाएगी जिसने पदोन्नति को अस्वीकार कर दिया हो।

टिप्पणी : अगले उच्चतर वेतनमान में की गई ऐसी वेतनवृद्धियों को पदोन्नति नहीं माना जाएगा। ऐसी वेतनवृद्धियां पाने के पश्चात् भी अधिकारी को, यथास्थिति, उसके अपने मूल पद के वेतनमान I तथा II, जैसी भी स्थिति हो, के ही विशेषाधिकार, परिलब्धियां, ड्यूटी, उत्तरदायित्व अथवा पद मिलेंगे।

(2) सी.ए.आई.आई.बी. का भाग 1/भारतीय बैंकर संस्थान के कनिष्ठ एसोसिएट और भाग II भारतीय बैंकर संस्थान की प्रमाणपत्रित एसोसिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर वेतनमान में एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि प्रदान की जाएगी।

IndiaCode

स्पष्टीकरण : (क) जिस अधिकारी ने नियत तिथि से पहले अधिकारी के रूप में भारतीय बैंकर संस्थान की प्रमाणपत्रित एसोसिएट परीक्षा का भाग I या भाग II उत्तीर्ण कर लिया हो, उसे नियत तिथि से, यथास्थिति, अतिरिक्त वेतनवृद्धि अथवा वेतनवृद्धियां दी जाएंगी, बशर्ते उसने उक्त परीक्षा के दोनों भाग उत्तीर्ण करने पर कोई वेतनवृद्धि न ली हो अथवा केवल एक वेतनवृद्धि ली हो।

(ख) 01 नवंबर, 1987 को तथा उसके बाद से, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने वाले अथवा पहुंच चुके ऐसे अधिकारियों को जो पदोन्नति पाए बिना और आगे नहीं जा सकते, सरकारी दिशानिर्देशों के अधीन, यदि कोई हो, सी.ए.आई.आई.बी. परीक्षा उत्तीर्ण करने के परिणाम स्वरूप अतिरिक्त वेतनवृद्धियों के स्थान पर निम्नानुसार व्यावसायिक अर्हता भत्ता दिया जाएगा :

तालिका

जिन्होंने सी.ए.आई.आई.बी. का केवल भाग I उत्तीर्ण किया है।	(i)एक वर्ष पश्चात् रु 100/- प्रति माह, जिसमें से रु 75/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे।
जिन्होंने सी.ए.आई.आई.बी. के दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए हैं	(i)एक वर्ष पश्चात् रु 100/- प्रति माह, जिसमें से रु 75/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे।
	(ii) दो वर्ष पश्चात् रु 250/- प्रति माह, जिसमें से रु 200/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे।

(ग) 01 नवंबर, 1994 को तथा उसके बाद से, अन्य बातें समान होने पर, व्यावसायिक अर्हता भत्ते की मात्रा निम्न तालिका अनुसार संशोधित होंगी :-

तालिका

जिन्होंने सी.ए.आई.आई.बी. का केवल भाग I उत्तीर्ण किया है।	(i) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात् रु 120/- प्रति माह।
जिन्होंने सी.ए.आई.आई.बी. के दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए हैं	(i) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात् रु 120/- प्रति माह।
	(ii) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के दो वर्ष पश्चात् रु 300/- प्रति माह।

परंतु, विनियम 5 के उपनियम (3) के खंड (ख) के अनुसार नियत वैयक्तिक भत्ता प्राप्त करने के पात्र अधिकारी, व्यावसायिक अर्हता भत्ता, यथास्थिति, क्रमशः भाग I या II के लिए ऐसा नियत वैयक्तिक भत्ता पाने के एक/दो वर्ष पश्चात् व्यावसायिक अर्हता भत्ता प्राप्त कर सकेंगे।

(घ) 01 नवंबर, 1999 को और उसके बाद से, अन्य बातें समान होने पर, व्यावसायिक अर्हता भुगतान की मात्रा निम्न तालिका अनुसार संशोधित होंगी:

तालिका

जिन्होंने जे.ए.आई.आई.बी. या सी.ए.आई.आई.बी. का केवल भाग I उत्तीर्ण किया है।	(i) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात् रु 150/- प्रतिमाह।
जिन्होंने जे.ए.आई.आई.बी. और सी.ए.आई.आई.बी. या सी.ए.आई.आई.बी. के दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए हैं।	(i) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात् रु 150/- प्रतिमाह।
	(ii) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के दो वर्ष पश्चात् रु 360/- प्रतिमाह।

परंतु, जो अधिकारी वेतनमान I और वेतनमान II में हैं तथा उन्हें उप-विनियम (1) (ख) के अनुसार अगले उच्चतर वेतनमान में अतिरिक्त वेतनवृद्धियां मंजूर की गई हैं, ऐसे उच्चतर वेतनमान में अधिकतम पर पहुंचने के, यथास्थिति, एक/दो वर्ष पश्चात् व्यावसायिक अर्हता भुगतान प्राप्त करेंगे।

(घ) 01 नवंबर, 2002 को और उसके बाद से, अन्य बातें समान होने पर, व्यावसायिक अर्हता भुगतान की मात्रा निम्न तालिका के अनुसार संशोधित होंगी:

तालिका

जिन्होंने जे.ए.आई.आई.बी. या सी.ए.आई.आई.बी. का भाग I उत्तीर्ण किया है।	(i)वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात् रु 300/- प्रतिमाह।
जिन्होंने सी.ए.आई.आई.बी. के दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए हैं।	(i)वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात् रु 300/- प्रतिमाह।
	(ii) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के दो वर्ष पश्चात् रु 750/- प्रतिमाह।

परंतु, जो अधिकारी वेतनमान I और वेतनमान II में हैं तथा उन्हें उप-विनियम (1) (ख) के अनुसार अगले उच्चतर वेतनमान में अतिरिक्त वेतनवृद्धियां मंजूर की गई हैं, ऐसे उच्चतर वेतनमान में अधिकतम पर पहुंचने के, यथास्थिति, एक/दो वर्ष पश्चात् व्यावसायिक अर्हता भुगतान प्राप्त करेंगे।

टिप्पणी (i) यदि किसी ऐसे अधिकारी को जिसे व्यावसायिक अर्हता भुगतान मिल रहा है, अगले उच्चतर वेतनमान में पदोन्नत किया जाता है तो ऐसे उच्चतर वेतनमान में उसका वेतन निर्धारित करते समय उसे वेतनमान में उपलब्ध वेतनवृद्धियों की सीमा तक जे.ए.आई.आई.बी/सी.ए.आई.आई.बी की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अतिरिक्त वेतनवृद्धियां दी जाएंगी और यदि वेतनमान में कोई वेतनवृद्धियां उपलब्ध नहीं है, तो अधिकारी वेतनवृद्धि (यों) के एवज में व्यावसायिक अर्हता भुगतान पाने का पात्र होगा।

(iii) 01 नवंबर, 1994 को तथा उसके बाद से, यथास्थिति, व्यावसायिक अर्हता भत्ते या व्यावसायिक अर्हता भुगतान को महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा अधिवर्षिता लाभों के लिए गिना जाएगा।

(iii) वैसे अधिकारी व्यावसायिक अर्हता भुगतान के लिए उपर्युक्त अनुसार पात्र नहीं होंगे जिन्होंने पदोन्नति को अस्वीकार कर दिया हो।

(iv) यदि कोई अधिकारी अपने वेतनमान के अधिकतम स्तर पर पहुंचने के बाद जे.ए.आई.आई.बी. या सी.ए.आई.आई.बी. (कोई एक भाग या दोनों) की योग्यता प्राप्त करता है तो, उन्हें योग्यता प्राप्त करने की तिथि से व्यावसायिक अर्हता भुगतान की पहली किस्त दी जाएगी और व्यावसायिक अर्हता भुगतान के बाद की किस्त का निर्मोचन इसकी पहली किस्त के निर्मोचन की तारीख से संदर्भित होगा।

(v) यदि किसी अधिकारी ने खंड (iv) में वर्णित योग्यता में से किसी एक को 02 जून, 2005 की स्थिति में प्राप्त कर लिया है और ऐसी अर्हता प्राप्त करने के एवज में कोई वेतनवृद्धि या व्यावसायिक अर्हता भुगतान हासिल नहीं की है, उन्हें 01 नवंबर, 2002 या ऐसी अर्हता प्राप्त करने की तारीख, जो भी बाद में हो, से उपर्युक्त दिए गए दर के अनुसार व्यावसायिक अर्हता भुगतान निर्मोचित किया जाएगा।

(3) (क) जो अधिकारी 01 नवंबर, 1993 को बैंक की स्थायी सेवा में हैं उन्हें वेतनमान में एक अग्रिम वेतनवृद्धि दी जाएगी। जो अधिकारी 01 नवंबर, 1993 को परिवीक्षा पर हैं उन्हें एक अग्रिम वेतनवृद्धि स्थायीकरण के एक वर्ष पश्चात् दी जाएगी।

टिप्पणी – अग्रिम वेतनवृद्धि के कारण वार्षिक वेतनवृद्धि की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

(ग) जो अधिकारी वेतनमान के अधिकतम पर पहुँच चुका है या जो 01 नवंबर, 1993 को अवरोध वेतनवृद्धि (यां) प्राप्त कर चुका है, वह 01 नवंबर, 1993 से नियत वैयक्तिक भत्ता प्राप्त कर सकेगा जो अंतिम आहरित वेतनवृद्धि और उस पर 01 नवंबर, 1993 को देय महंगाई भत्ता तथा विनियम 22 के अनुसार लागू दरों पर मकान किराया भत्ते की राशि के जोड़ के बराबर होगा। यहां नीचे दी गई तालिका के अनुसार नियत वैयक्तिक भत्ते के साथ-साथ मकान किराया भत्ता, यदि कोई हो, अगले परिशोधन तक वैध रहेगा।

तालिका

वेतनवृद्धि घटक	वेतनवृद्धि घटक पर 01 नवंबर, 1993 को महंगाई भत्ता	जहाँ बैंक का आवास उपलब्ध कराया गया है वहाँ देय कुल नियत वैयक्तिक भत्ता
(क) रु	(ख) रु	(ग) रु
230	5.79	236
250	6.30	257
300	7.56	308
400	10.08	411

(ग) 01 नवंबर, 1999 को और उसके बाद से, अन्य बातें समान होने पर, नियत वैयक्तिक वेतन, मकान किराया भत्ता, यदि कोई हो, सहित निम्न तालिका के अनुसार दिया जाएगा :

तालिका

वेतन वृद्धि घटक	वेतनवृद्धि घटक पर 01 नवंबर, 1997 को महंगाई भत्ता	जहां बैंक का आवास उपलब्ध कराया गया है वहाँ देय कुल नियत वैयक्तिक भत्ता
(क) रु	(ख) रु	(ग) रु
340	4.28	345
380	4.78	385
420	5.29	426
600	7.56	608

(घ) 01 नवंबर, 2004 को और उसके बाद से, अन्य बातें समान होने पर, नियत वैयक्तिक भत्ता के साथ-साथ मकान किराया भत्ता, यदि कोई हो, नीचे दिए गए तालिका के अनुसार होगा और सेवा की संपूर्ण अवधि के लिए अवरुद्ध रहेगा।

तालिका

वेतन वृद्धि घटक	वेतनवृद्धि घटक पर 01.11.2002 को महंगाई भत्ता	जहां बैंक का आवास उपलब्ध कराया गया है वहाँ देय कुल नियत वैयक्तिक भत्ता
(क) रु	(ख) रु	(ग) रु
560	23	583
620	25	645
680	28	708
1000	41	1041

टिप्पणी :

(i) विनियम 5 के उप-विनियम 3 के खंड (ख), (ग) एवं (घ) में तालिका के कॉलम (ग) के अंतर्गत निर्दिष्ट नियत वैयक्तिक भत्ता/नियत वैयक्तिक वेतन उन अधिकारी कर्मचारियों को देय होगा जिन्हें बैंक का आवास उपलब्ध कराया गया है।

IndiaCode

(ii) मकान किराया भत्ते के लिए पात्र अधिकारियों को नियत वैयक्तिक भत्ता/नियत वैयक्तिक वेतन विनियम 4 के उप-विनियम (2) और (3) में विनिर्दिष्टानुसार संबंधित वेतनमान की वेतनवृद्धि घटक पर (क) +(ख) +संबद्ध अधिकारी द्वारा विनियम 5 के उप-विनियम 3 के खंड (ख), (ग) एवं (घ) में निर्दिष्टानुसार आहरित मकान किराया भत्ता होगा।

(iii) 01 नवंबर, 1999 को या उसके बाद से, नियत वैयक्तिक वेतन देने के कारण उप-विनियम (2) के अधीन स्पष्टीकरण (ग) के अनुसार व्यावसायिक अर्हता भुगतान करने की अनुसूची में कोई परिवर्तन नहीं होगाः-

परंतु, जहाँ व्यावसायिक अर्हता भुगतान भी कोई किस्त, जो पूर्व के प्रावधानों के कारण एक वर्ष तक बढ़ा दी गई थी और 01 नवंबर, 1999 को या उसके बाद जारी की जाने वाली है, अधिकारी को इस तारीख को या से दी जाएगी और व्यावसायिक अर्हता भुगतान, यदि कोई हो, की दूसरी किस्त 01 नवंबर, 2000 को दी जाएगी।

(iv) नियत वैयक्तिक भत्ते/नियत वैयक्तिक वेतन के वेतनवृद्धि घटक को अधिवर्षिता लाभ के लिए गिना जाएगा।

(ङ) जिस अधिकारी को उपर्युक्त खंड (क) के अनुसार वेतनवृद्धि मिल चुकी है, उसे ऊपर खंड (ख), (ग) या (घ) में उल्लिखित नियत वैयक्तिक भत्ते/नियत वैयक्तिक वेतन की प्रमात्रा, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात प्राप्त होगी।

5. विनियम 21 के उक्त विनियमों में, उप-विनियम 3 के बाद निम्नलिखित उप-विनियमों को जोड़ा जाएगा ; अर्थात्

(4) 01 नवंबर, 2002 को या उसके बाद से, महंगाई भत्ता योजना निम्नानुसार होगी:

(क) अखिल भारतीय औसत कामगार वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) आधार पर 1960=100 के तिमाही औसत में 2288 अंकों से अधिक प्रति 4 अंकों के उतार या चढ़ाव के लिए महंगाई भत्ता देय होगा।

(ख) 01.11.2002 से 31.01.2005 की अवधि के दौरान निम्न दरों पर महंगाई भत्ता देय होगा :

i. रु 9,650 तक 'वेतन' का 0.18% +

ii. रु 9,650 से अधिक और रु 15350 तक 'वेतन' का 0.15% +

iii. रु 15350 से अधिक और रु 16350 तक 'वेतन' का 0.09% +

iv. रु 16350 से अधिक 'वेतन' का 0.04%

(ग) 01 फरवरी 2005 को या उसके बाद से, महंगाई भत्ता वेतन का 0.18% देय होगा :

टिप्पणी:

(अ) महंगाई भत्ते के प्रयोजन हेतु 'वेतन' में मूल वेतन तथा अवरोध वेतनवृद्धियां अभिप्रेत हैं।

(आ) विनियम 5 के उप-विनियम (2) के स्पष्टीकरण (ग), (घ) और (ङ) में निर्दिष्टानुसार, व्यावसायिक अर्हता भत्ते या व्यावसायिक अर्हता वेतन को महंगाई भत्ते के लिए गिना जाएगा।

6. विनियम 22 के लिए उक्त विनियम में, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे अर्थात्

'22'. मकान किराया भत्ता –

(1) (क) 01 नवंबर, 1999 को या उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है तो उससे वह जिस वेतनमान में है उसके प्रथम प्रक्रम में मूल वेतन के 2.5% के बराबर रकम या आवास हेतु मानक किराया, जो भी कम हो, वसूल किया जाएगा।

(ख) 1.11.1999 को और उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवासीय सुविधा प्रदान नहीं की जाती है तो वह तालिका में निम्नलिखित दरों पर मकान किराया भत्ता पाने का पात्र होगा।

IndiaCode

तालिका

कार्यस्थल निम्नलिखित स्थानों पर होने पर	**देय मकान किराया भत्ता**
(1)	(2)
(i) सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्रमुख 'ए' वर्ग के नगरों तथा समूह 'ए' के परियोजना क्षेत्र केंद्रों में	वेतन का 9% प्रति माह
(ii) क्षेत्र I के स्थान तथा समूह 'बी' के परियोजना क्षेत्र केंद्रों में	वेतन का 8% प्रति माह
(iii) क्षेत्र II तथा उपर्युक्त (i) और (ii) के अंतर्गत न आने वाले सभी स्थान	वेतन का 7% प्रति माह

परंतु, यदि कोई अधिकारी किराए की रसीद प्रस्तुत करता है तो उसे देय मकान किराया भत्ता, जिस वेतनमान में वह है उसके प्रथम प्रक्रम के 2.5% से ऊपर, उसके द्वारा अपने आवास के लिए दिया गया वास्तविक किराया या ऊपर स्तंभ (2) के अनुसार देय मकान किराया भत्ते का 150%, जो भी कम हो, देय होगा।

(2) (क) 01.11.2002 को या उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है तो उससे वह जिस वेतनमान में है उसके प्रथम प्रक्रम में मूल वेतन के 1.75% के बराबर रकम या आवास हेतु मानक किराया, जो भी कम हो, वसूल किया जाएगा।

(ख) 1.11.2002 को और उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवासीय सुविधा प्रदान नहीं की जाती है तो वह निम्न तालिका के अनुसार मकान किराया भत्ता पाने का पात्र होगा :

तालिका

कार्यस्थल निम्नलिखित स्थानों पर होने पर	देय मकान किराया भत्ता
(1)	(2)
(i) प्रमुख 'ए' वर्ग के नगरों तथा समूह 'ए' के परियोजना क्षेत्र केंद्रों में	वेतन का 8.5%
(ii) क्षेत्र I के स्थान तथा समूह 'बी' के परियोजना क्षेत्र केंद्रों में	वेतन का 7.5%
(iii) अन्य स्थान	वेतन का 6.5%

परंतु, यदि कोई अधिकारी किराए की रसीद प्रस्तुत करता है तो उसे देय मकान किराया भत्ता, जिस वेतनमान में वह है उसके प्रथम प्रक्रम के 1.75% से ऊपर, उसके द्वारा अपने आवास के लिए दिया गया वास्तविक किराया या उपर्युक्त तालिका के स्तंभ (2) के अनुसार देय मकान किराया भत्ते का अधिकतम 150% देय होगा।

(3) यदि कोई अधिकारी अपने ही मकान में रहता है तो उसे उप-विनियम (1) (ख) और (2) (ख) में उल्लिखित परंतुक के आधार पर इस प्रकार मकान किराया भत्ता मिलेगा मानो वह निम्न (अ) अथवा (आ) में से उच्चतर के बारहवें भाग के बराबर मासिक किराया दे रहा हो:-

(अ)

निम्नलिखित का योग :

i) निवास स्थान के लिए देय नगरपालिका कर, और

ii) भूमि की लागत सहित निवास स्थान की पूंजीगत लागत का 12% और यदि निवास स्थान किसी भवन का भाग है तो उतने भाग की भूमि के आनुपातिक हिस्से की पूंजीगत लागत, किंतु इसके अंतर्गत वातानुकूल जैसे विशेष जुड़नार शामिल नहीं होंगे; या

(आ)

निवास स्थान के लिए नगरपालिका कर निर्धारण हेतु आंका गया वार्षिक किराया मूल्य।

IndiaCode

स्पष्टीकरण –

(1) इस विनियम के प्रयोजन हेतु ' मानक किराया ' से अभिप्रेत है:

(क) बैंक के स्वामित्व वाले निवास स्थानों के मामले में सरकार में ऐसे निवास स्थानों के संबंध में प्रचलित पद्धति के अनुसार आंका गया मानक किराया,

(ख) जहाँ आवास बैंक द्वारा किराए पर लिया गया हो, बैंक द्वारा देय संविदागत किराया अथवा उपर्युक्त (अ) में बताई गई कार्यविधि के अनुसार परिकलित किराया, इनमें से जो भी कम हो।

(2) मकान किराया भत्ते के प्रयोजन हेतु ' वेतन ' का तात्पर्य मूल वेतन तथा अवरोध वेतनवृद्धियों से है।

(3) मकान किराया भत्ते के प्रयोजन हेतु, यथास्थिति, व्यावसायिक अर्हता भत्ते या व्यावसायिक अर्हता भुगतान को 01 नवंबर, 1994 से प्रभावी गिना जाएगा।

(4) इस विनियम और विनियम 23 के उप-विनियम (1) तथा (2) के प्रयोजन हेतु, क्षेत्र I और क्षेत्र II के निम्न अभिप्राय हैं :

क्षेत्र I : 12 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्थान

क्षेत्र II : वे सभी स्थान जो क्षेत्र-I में शामिल नहीं किए गए हैं।

7. विनियम 23 के लिए उक्त विनियमों में, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे :

23. अन्य भत्ते :

(1) 01 नवंबर, 2002 को और उसके बाद से, अधिकारी निम्नलिखित तालिका के अनुसार नगर प्रतिकर भत्ता पाने का पात्र होगा :

तालिका

स्थान	दर
(1)	(2)
(क) क्षेत्र I के स्थान और गोवा राज्य	मूल वेतन का 4%, अधिकतम रु 540/- प्रति माह
(ख) 5 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले स्थान और राज्यों की राजधानियां तथा चंडीगढ़, पांडिचेरी और पोर्ट ब्लेयर जो ऊपर (क) में नहीं आते	मूल वेतन का 3%, अधिकतम रु 375/- प्रति माह
(क) अन्य स्थान	शून्य

(2) 01 नवंबर, 2002 को और उसके बाद से, विशेष क्षेत्र भत्ते की दरें इन विनियमों की अनुसूची के अनुसार होगी।

(3) 01 नवंबर, 2002 को और उसके बाद से, यदि कोई अधिकारी ग्रुप ए या ग्रुप बी की किसी परियोजना क्षेत्र में सेवारत है तो, वह निर्धारित ग्रुप ए या ग्रुप बी में क्रमशः रु 210 प्रतिमाह या रु 185 प्रतिमाह की दर से परियोजना क्षेत्र क्षतिपूरक भत्ते के लिए पात्र होगा।

(4) 01 जनवरी, 2004 को और उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी का स्थानांतरण किसी शैक्षणिक वर्ष के मध्य में किया जाता है और पूर्ववर्ती स्थान पर उसके एक या अधिक बच्चे स्कूल अथवा कॉलेज के विद्यार्थी हैं तो उसे दूसरे स्थान पर कार्यग्रहण करने की तिथि से शैक्षणिक वर्ष के अंत तक सभी बच्चों के लिए रु 500 प्रति माह का मध्य शैक्षणिक वर्ष स्थानांतरण भत्ता देय होगा।

परंतु पूर्ववर्ती स्थान में सभी बच्चों द्वारा अध्ययन समाप्त करने पर उस भत्ते का भुगतान स्वतः ही समाप्त हो जाएगा।

(5) 01 जून, 2005 को और उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक से बाहर सेवा के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है तो वह प्रतिनियुक्ति के पद पर देय उन सभी परिलब्धियों को प्राप्त करने के लिए अपना विकल्प दे सकता है। विकल्पतः वह अपने वेतन के अतिरिक्त वेतन का 7.75%, अधिकतम रु 1500/- प्रतिमाह प्रतिनियुक्ति भत्ता और ऐसे अन्य भत्ते ले सकता है जो उसे उसी स्थान पर बैंक की सेवा में तैनात होने की स्थिति में मिलते।

परंतु, यदि उसे उसकी प्रतिनियुक्ति से पूर्व उसकी तैनाती के स्थान पर ही स्थित किसी संगठन में प्रतिनियुक्त किया जाता है तो उसे उसके वेतन का 4% अधिकतम रु 750/- प्रतिमाह प्रतिनियुक्ति भत्ता मिलेगा।

IndiaCode

परंतु यह भी कि जिस अधिकारी को बैंक के प्रशिक्षण संस्थान में संकाय सदस्य के रूप में, प्रतिनियुक्त किया जाता है, उसे उसके वेतन का 4% अधिकतम रु 750/- प्रतिमाह प्रतिनियुक्ति भत्ता मिलेगा।

(6) यदि किसी अधिकारी से कम से कम 7 दिन लगातार या किसी कैलेंडर महीने के दौरान कुल सात दिन किसी उच्चतर श्रेणी में किसी पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य लिया जाता है तो उसे स्थानापन्न रूप में कार्य करने की अवधि के लिए, यथानुपात, उसके वेतन का 6% स्थानापन्न भत्ता मिलेगा। स्थानापन्न भत्ते को भविष्य निधि/पेंशन के लिए हिसाब में लिया जाएगा किंतु अन्य प्रयोजनों के लिए नहीं।

परंतु यदि कोई अधिकारी विनियम 6 के अधीन पदों के प्रवर्गीकरण के मात्र पुनरीक्षण के परिणामस्वरूप उच्चतर वेतनमान में स्थानापन्न रूप में कार्य करता है तो उसे प्रवर्गीकरण के पुनरीक्षण के प्रभावी होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए स्थानापन्न भत्ता नहीं मिलेगा।

(7) यदि किसी अधिकारी को ऐसी शाखा में तैनात किया जाता है जहाँ 01 अप्रैल तथा 30 सितंबर को बहियां बंद की जाती हैं तो उसे दोनों लेखाबंदी हेतु रु 250/- का लेखाबंदी भत्ता देय होगा।

(8) 01 नवंबर, 2002 को और उसके बाद से, यदि दिन में उसके कार्य समय में न्यूनतम 2 घंटे के लिए विखंडन किया जाता है तो उसे रु 125/- प्रतिमाह सेवा विखंडन भत्ता देय होगा।

(9) यदि वह अवकाश के दिन वाल्ट या तिजोरी के अभिरक्षक के रूप में कार्य करता है तो उस पर लागू दर से उसे "डाइम भत्ता" देय होगा।

(10) 01 नवंबर, 2002 को और उसके बाद से, अधिकारी, नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित दर पर पर्वत तथा ईंधन भत्ते का पात्र होगा : -

तालिका

स्थान	दर
(1)	(2)
(i) 3000 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थान	वेतनमान का 5% अधिकतम रु 1150 प्रतिमाह
(ii) 1500 मीटर और उससे अधिक परंतु 3000 मीटर से कम ऊंचाई वाले स्थान	वेतन का 2 1/2% अधिकतम रु 500 प्रतिमाह
(iii) 1000 मीटर और उससे अधिक परंतु 1500 मीटर से कम ऊंचाई वाले स्थान और मरकारा टाउन	वेतन का 2% अधिकतम रु 400 प्रतिमाह

टिप्पणी :

(क) कम से कम 750 मीटर ऊँचाई पर स्थित स्थान जो उससे अधिक ऊंचाई वाले पर्वतों से घिरे हुए हों और जिन तक पहुंचने के लिए 1000 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई पार करनी पड़ती हो, पर तैनात अधिकारियों को 1000 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले केंद्रों के लिए देय दर पर पर्वत तथा ईंधन भत्ता दिया जाएगा।

(ख) उक्त वर्गीकरण के अंतर्गत न आने वाले किसी भी केंद्र में फिलहाल दिए जाने वाले पर्वत और ईंधन भत्ते समाप्त कर दिए जाएंगे।

परंतु, जो अधिकारी 01 मई, 1989 के पूर्व ऐसे केंद्र पर तैनात था और उस तारीख के बाद भी उसी केंद्र पर तैनात रहता है उसे 30 अप्रैल, 1989 को मिल रहे भत्ते की प्रमात्रा संरक्षित की जाएगी और उसी वेतनमान में उस केंद्र में उसके तैनात रहने तक प्रतिमाह अदा की जाएगी।

8. विनियम 24 के लिए, उक्त विनियमों में, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे;

24. चिकित्सा सहायता : (1) हर अधिकारी को अपने व अपने परिवार हेतु उसके द्वारा किए गए वास्तविक चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति निम्नलिखित आधार पर की जाएगी: अर्थात्

(क) चिकित्सा व्यय:– दिनांक 01 फरवरी, 2004 और उसके बाद से प्रत्येक अधिकारी एवं उसका परिवार चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु अधिकारी द्वारा दिए गए स्वयं के प्रमाण-पत्र में उल्लेखित व्यय विवरणों कि उसने ऐसे व्यय किए है और दावा की गई राशि के खाते की विवरणी जैसा कि निम्न तालिका में उल्लिखित है, के अनुरूप की जाएगी :

IndiaCode

श्रेणी	वार्षिक प्रतिपूर्ति सीमा
कनिष्ठ प्रबंधन और मध्य प्रबंधन श्रेणी	रु 3750 या वास्तविक व्यय, इनमें जो भी कम हो
वरिष्ठ प्रबंधन और उच्च कार्यपालक श्रेणी	रु 5000 या वास्तविक व्यय, इनमें जो भी कम हो

टिप्पणी– (i) अधिकारी अनुपभोक्त चिकित्सा व्यय का संचयन कर सकता है जो उक्त अधिकतम रकम की तीन गुना रकम से अधिक न हो।

(ii) वर्ष 2004 के लिए चिकित्सा सहायता के अधीन चिकित्सा व्ययों की प्रतिपूर्ति ग्यारह महीनों अर्थात् फरवरी, 2004 से दिसंबर, 2004 के लिए समानुपातिक रूप से बढ़ाई जाएगी।

स्पष्टीकरण : इस विनियम के उद्देश्य के लिए किसी अधिकारी के "परिवार" का अर्थ विनियम 3 के खंड (छ) में दिए गए परिभाषा के अनुसार होगा।

(ग) (i) जिन स्थितियों में अस्पताल में भर्ती होना आवश्यक हो उन सभी मामलों में अधिकारी के लिए 100% और उसके परिवार के सदस्यों के लिए 75% तक चिकित्सालयवास के व्यय की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

(ii) 01 मई 2005 या उसके बाद से इस विनियम के अंतर्गत किसी अधिकारी के चिकित्सालय वास व्ययों की प्रतिपूर्ति कामगार कर्मचारियों के लिए द्विपक्षीय समझौता दिनांक 02 जून, 2005 के अंतर्गत दिए गए चिकित्सालयवास योजना के नियम एवं शर्तों के अनुसार होगा, बशर्ते वे नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित सीमा के अधीन हो:-

तालिका

(क) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान I और मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान II एवं III	(iii) बिस्तर शुल्क स्वयं – रु. 600/- प्रति दिन परिवार – रु. 450/- प्रति दिन (iv) अन्य प्रभार – कामगार कर्मचारियों को लागू चिकित्सालयवास योजना के अंतर्गत दी गई सीमा का 125% के मान पर
(ख) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान IV एवं V और उच्च कार्यपालक श्रेणी वेतनमान VI एवं VII	(iii) बिस्तर शुल्क स्वयं – रु. 800/- प्रति दिन परिवार – रु. 600/- प्रति दिन (iv) अन्य प्रभार – कामगार कर्मचारियों को लागू चिकित्सालयवास योजना के अंतर्गत दी गई सीमा का 150% के मान पर

(2) उपरोक्त उप-विनियम (1) में उल्लिखित चिकित्सा सुविधाओं (चिकित्सालयवास सहित) को इनके स्थानापन्न के रूप में नियत तिथि को उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं (चिकित्सालयवास सहित) के अपरिवर्तित रूप में मंडल द्वारा स्वीकार किया जा सकता है। तदनुसार मंडल द्वारा ऐसा निर्णय लिए जाने पर नियत तिथि को चिकित्सा सुविधाएं (चिकित्सालयवास इत्यादि सहित) प्रदान करने हेतु प्रचलित नियम व प्रावधानों के अधीन ही सभी अधिकारी चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति के पात्र होंगे।

(3) चिकित्सा व्यय तथा चिकित्सालयवास सुविधा उन अधिकारियों के संबंध में भी स्वीकार्य है जिन्हें निलंबनाधीन रखा गया है।

9. विनियम 25 के लिए, उक्त विनियमों में, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् : -

'25' आवास व्यवस्था: – (1) अधिकारी बैंक द्वारा आवास उपलब्ध कराए जाने के लिए साधिकार हकदार नहीं होगा।

(2) किंतु, यदि बैंक चाहे तो वह अधिकारी को आवास उपलब्ध करा सकता है जिसके लिए अधिकारी 01 नवंबर, 2002 को और उसके बाद से, अपने वेतनमान के प्रथम प्रक्रम के 1.75% के बराबर राशि या आवास के लिए मानक किराये का, इनमें जो भी कम हो, भुगतान करेगा।

परंतु जहाँ ऐसे आवास पर फर्नीचर उपलब्ध कराया जाता है, वहां बैंक द्वारा अधिकारी से उसके वेतनमान, जिसमें वह रखा गया है, के प्रथम प्रक्रम के 0.4% के बराबर अतिरिक्त राशि वसूल की जाएगी।

परंतु, जहां बैंक द्वारा ऐसी आवास व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है वहां बिजली, पानी, गैस और सफाई प्रभार अधिकारी द्वारा वहन किए जाएंगे।

10. विनियम 41 के, उक्त विनियमों में, उप-विनियम (1) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् : -

(1) 02 जून, 2005 को और उसके बाद से, कार्यवश यात्रा के दौरान कोई अधिकारी निम्नलिखित के लिए पात्र होंगे, अर्थात् : -

(i) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी में कार्यरत एक अधिकारी, रेल द्वारा प्रथम श्रेणी में या एसी 2-टीयर स्लीपर में यात्रा कर सकता है। तथापि, वह विमान द्वारा (किफायती दर्ज), यात्रा कर सकता है यदि सक्षम प्राधिकारी से कारोबार की आवश्यकता या लोक हित की दृष्टि से अनुमति दी जाती है।

(ii) मध्य प्रबंध श्रेणी में कार्यरत एक अधिकारी रेल द्वारा प्रथम श्रेणी में या एसी 2-टीयर स्लीपर में यात्रा कर सकता है। तथापि, वह विमान द्वारा (किफायती दर्जा), यात्रा कर सकता है, यदि यात्रा की जाने वाली दूरी 1000 कि.मी. से अधिक हो। तथापि, वह कम दूरी के संबंध में भी विमान द्वारा (किफायती दर्जा) यात्रा कर सकता है, यदि सक्षम प्राधिकारी से कारोबार की आवश्यकता या लोक हित की दृष्टि से यात्रा करने के लिए अनुमति दी जाती है।

(iii) वरिष्ठ प्रबंध या उच्च कार्यपालक श्रेणी में कार्यरत एक अधिकारी रेल द्वारा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी या विमान द्वारा (किफायती दर्जा) यात्रा कर सकता है।

(iv) वरिष्ठ प्रबंधन या उच्च कार्यपालक श्रेणी में कार्यरत अधिकारी, यदि एक स्थान से दूसरे स्थान जाने के लिए रेल अथवा विमान उपलब्ध न हो तो कार द्वारा यात्रा कर सकता है, बशर्ते कि स्थानों के बीच की दूरी 500 कि.मी. से अधिक न हो। तथापि, दोनों स्थानों के बीच की अधिकांश दूरी को रेल, अथवा विमान द्वारा तय करना संभव होने पर केवल शेष दूरी की यात्रा, सामान्यतः कार द्वारा की जानी चाहिए।

(v) सक्षम प्राधिकारी कार्य की आवश्यकता को देखते हुए किसी अधिकारी को निजी वाहन या टैक्सी या बैंक के वाहन द्वारा यात्रा करने के लिए अनुमति प्रदान कर सकता है।

(ख) उप-विनियम (4) में, खंड (क) के लिए, निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित किए जाएंगे :

(क) विराम भत्ता– कोई अधिकारी 01 जून, 2005 को और उसके बाद से नीचे दी गई तालिका के अनुसार प्रतिदिन विराम भत्ता पाने का हकदार होगा :

तालिका

अधिकारियों की श्रेणी/वेतनमान	**'ए' वर्ग के प्रमुख नगर**	**क्षेत्र I**	**अन्य स्थान**
1	2		
वेतनमान IV और उससे ऊपर के अधिकारी	रु.600	रु.550	रु.500
वेतनमान I/II/III के अधिकारी	रु.550	रु.500	रु.400

परंतु वेतनमान IV और उनसे उच्च अधिकारियों के मामले में, चार महानगरों यानि दिल्ली, मुंबई, कोलकाता एवं चेन्नई में बाहरी कार्य के दौरान प्रतिदिन रु 700/- की दर से विराम भत्ता देय होगा।

परंतु यदि अनुपस्थिति की कुल अवधि 8 घंटे से कम, किंतु 4 घंटे से अधिक है तो ऊपर बताई गई दरों की आधी दर से विराम भत्ता देय होगा।

स्पष्टीकरण – विराम भत्ता की संगणना के लिए 'प्रतिदिन' का अभिप्राय है 24 घंटे की अवधि या उसके बाद का कोई भी भाग, जिसकी गणना विमान यात्रा के मामले में रिपोर्ट करने के समय तथा अन्य मामलों में प्रस्थान के लिए नियत समय से लेकर पहुंचने के वास्तविक समय तक की जाएगी। यदि अनुपस्थिति की कुल अवधि 24 घंटे से कम है तो ' प्रति डाइम ' से ऐसी अवधि अभिप्रेत है जो 8 घंटे से कम न हो।

11. विनियम 42 के उक्त विनियमों में, उप-विनियम (3) के लिए निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् : -

(3) 01 अप्रैल, 1997 को और उस तारीख से स्थानांतरण पर जाने वाला कोई अधिकारी पैकिंग, स्थानीय परिवहन, यात्री सामान का बीमा आदि से जुड़े व्यय के लिए नीचे दी गई तालिका के अनुसार एकमुश्त राशि आहरित करने के लिए पात्र होगा :

तालिका

श्रेणी	एकमुश्त राशि
उच्च कार्यपालक और वरिष्ठ प्रबंधन	रु. 5000
मध्य प्रबंध और कनिष्ठ प्रबंधन	रु. 4,000

परंतु, 01 मई, 2005 को और उसके बाद से यह उप-विनियम के प्रावधान तभी लागू होंगे जब रु "5000" एवं रु "4000" के आंकड़ों को क्रमशः रु "8750" एवं रु "7000" से प्रतिस्थापित कर दिया जाए।

12. विनियम 44 के लिए, उक्त विनियमों में, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् : -

44. अवकाश पर यात्रा रियायत:

(1) प्रत्येक चार वर्ष की अवधि में अधिकारी अपने अधिवास तक यात्रा के लिए अवकाश पर यात्रा रियायत का लाभ, प्रति द्विवार्षिक खंड में एक बार, प्राप्त कर सकता है। विकल्पतः दो वर्ष के एक ब्लॉक में वह अपने अधिवास को जा सकता है और दूसरे ब्लॉक में निकटतम मार्ग से भारत में किसी स्थान को जा सकता है।

(2) अधिकारी, चार वर्ष या दो वर्ष की अवधि में, जैसी भी स्थिति हो, के दौरान कभी भी अपने अवकाश यात्रा रियायत (अधिवास की यात्रा को छोड़कर) को समर्पण करके नकद भी ले सकते हैं जिसके अंतर्गत रेल द्वारा यात्रा की श्रेणी के लिए पात्र किराए के 75% की समतुल्य राशि प्राप्त करने की हकदार होंगे, इसमें जे.एम.जी.एस.I तथा एम.एम.जी.एस II एवं III के अधिकारियों के लिए पात्र दूरी 4500 कि.मी. (एकतरफा) है और एस.एम.जी.वेतनमान IV एवं उच्च अधिकारियों के लिए 5500 कि.मी. (एकतरफा) है। अपना अवकाश यात्रा रियायत भुनाने का विकल्प लेते समय अपना और अपने परिवार सदस्यों के लिए उस अवधि के दौरान एक ही बार दावा प्रस्तुत करें। अवकाश यात्रा रियायत की सुविधा भुनाते समय साधिकार छुट्टी को भी भुनाने की सुविधा मिलेगी।

(3) अवकाश यात्रा रियायत में अधिकारी उसी श्रेणी व साधन द्वारा यात्रा कर सकता है, जिसमें वह स्थानांतरण होने पर यात्रा करने के लिए पात्र है और अधिकारी को अवकाश यात्रा रियायत, बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित सभी अन्य नियम व अनुबंधों के अधीन उपलब्ध किया जाना होगा।

(4) चार वर्ष में एक बार अधिकारी द्वारा अवकाश पर यात्रा रियायत का उपयोग करते समय उसे, अधिकतम एक समय पर एक माह के साधिकार अवकाश को अभ्यर्पित करते हुए नकदीकरण की अनुमति दी जा सकती है, विकल्पतः दो वर्ष के एक ब्लॉक में अपने अधिवास को जाते समय और दूसरे ब्लॉक में भारत में किसी भी जगह को जाते समय उसे प्रत्येक ब्लॉक में अधिकतम 15 दिनों की या एक ही ब्लॉक में 30 दिनों की साधिकार छुट्टी के नकदीकरण के लिए अनुमति दी जा सकती है। छुट्टी नकदीकरण के उद्देश्य के लिए, अवकाश पर यात्रा सुविधा आरंभ होने के महीने के दौरान देय सभी परिलब्धियां स्वीकार्य होंगी।

परंतु यदि एक अधिकारी अपने विकल्प पर प्रधानमंत्री की राहत निधि को दान करना चाहता है तो, उस एक दिन का अतिरिक्त साधिकार अवकाश के नकदीकरण के लिए अनुमति दी जाएगी जो अधिकारी द्वारा बैंक को इसके संबंध में पत्र देने तथा रकम प्रेषित करने के प्रति बैंक को प्राधिकृत किए जाने के अधीन होगा।

IndiaCode

"पंजाब एण्ड सिंध बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम 1982..... की अनुसूची

[विनियम 23 का उपविनियम (2) देखें]

अधिकारी, दिनांक 1 नवंबर, 2002 से विशेष क्षेत्रीय भत्ते, जो उसे वापस लेने तक या पूर्ण या पाक्षिक रूप से संशोधन करने के समय तक, के लिए पात्र होगा जो तालिका में निम्नवत् दर्शाया गया है, जैसे:-

तालिका

क्र. सं.	ऐसा स्थान जहाँ भत्ता देय होगा	देय भत्ते (रु.)	
		रु.10,000 से रु.14,000 के वेतन के लिए	रु.14,001 और उससे अधिक के वेतन के लिए
1.	मिज़ोरम	(रु.)	(रु.)
	(क) मिज़ोरम का चिंपतुईपुई जिला और मिज़ोरम के लुंगलाई जिले के लुंगलाई शहर से 25 किलोमीटर के बाद के क्षेत्र	1,000	1,300
	(ख) मिज़ोरम के लुंगलाई शहर से 25 किलोमीटर के बाद के क्षेत्र को छोड़कर संपूर्ण जिला लुंगलाई	800	1,050
	(ग) मिज़ोरम का संपूर्ण जिला आईज़ोल	600	750
2.	नागालैंड	800	1,050
3.	अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह		
	(क) दक्षिण अण्डमान (पोर्ट ब्लेयर सहित)	800	1,050
	(ख) उत्तर एवं मध्य अण्डमान, छोटा अण्डमान, निकोबार एवं नारकोंडम द्वीप समूह	1,000	1,300
4.	सिक्किम	1,000	1,300
5.	लक्षद्वीप द्वीप समूह	1,000	1,300
6.	असम	160	200
7.	मेघालय	160	200
8.	त्रिपुरा		
	(क) त्रिपुरा के दुष्कर क्षेत्र	800	1,050
	(ख) दुष्कर क्षेत्रों को छोड़कर सारा त्रिपुरा	600	750
9.	मणिपुर	600	750
10.	अरुणाचल प्रदेश		
	(क) अरुणाचल प्रदेश के दुष्कर क्षेत्र	1,000	1,300
	(ख) दुष्कर क्षेत्रों को छोड़कर सारा अरुणाचल प्रदेश	800	1,050
11.	जम्मु और कश्मीर		
	(1) जिला कठुआ	1,000	1,300
	(क) नियाबत बानी		
	(ख) लोही		
	(ग) मलहार		
	(घ) मछोड़ी		
	(2) (क) जिला उधमपुर	1,000	1,300
	i. दुडु बसंतगढ़		
	ii. लांडर भामाग इलाका		
	iii. थक्रकोट		
	iv. नगोट		

IndiaCode

	(ख) 2 (ग) में सम्मिलित को छोड़कर मोहरे तहसील के सभी क्षेत्र	1,000	1,300
	(ग) मोहरे तहसील के कंबन पक्ष से गोयल तक के क्षेत्र तथा कियासी पक्ष से अर्नास तक के क्षेत्र।	800	1,050
	(3) जिला डोडा किश्तवार तहसील के नियाबत बोगाम तथा पद्देर के इलाके	1,000	1,300
	(4) जिला लेह	1,000	1,300
	जिले के सभी स्थान		
	(5) बारामुला जिला	1,000	1,300
	(क) संपूर्ण गुरेज-निराबत, तंगदर उप-मंडल तथा केरन इलाका		
	ख) माछिल	800	1,050
	(6) पूंछ तथा जिला रजौरी		
	पूंछ तथा रजौरी शहर और सुंदरबनी एवं दोनों जिलों के अन्य शहरी क्षेत्रों को छोड़कर पूंछ तथा रजौरी जिले के क्षेत्र	600	750
	(7) उपर्युक्त (1) से (6) में शामिल नहीं किए गए क्षेत्र किंतु वास्तविक नियंत्रण रेखा से 8 कि.मी की दूरी में आनेवाले ऐसे स्थान जहाँ सीमा भत्ते के लिए राज्य सरकार द्वारा उनके कर्मचारियों को समय-समय पर पात्र घोषित किया गया है।	600	750
	हिमाचल प्रदेश		
	(1) चंबा जिला		
	1 (क) पंगी तहसील		
	1 (ख) भारमौर तहसील के निम्नलिखित गांव तथा पंचायत		
	(i) पंचायत : बडगांव, बजोल, दओल कुगटी, नयागाम तथा टुंडा		
	(ii) गांव : जगत ग्राम पंचायत का घाटु, चौहाता ग्राम पंचायत का कनारसी	1,000	1,300
	2. भरमौर तहसील, उपर्युक्त भाग 1 ख में शामिल गावों एवं पंचायतों को छोड़कर	800	1,050
	3. भटियाट तहसील का झंडु पंचायत, चुराह तहसील, डलहौजी टाउन (बनिखेत सहित)		
	(2) जिला किन्नौर :	600	750
	(क) आश्रंग, चिटकुल तथा हांगो कुनो/चरंग पंचायत, 15/20 क्षेत्र जिसमें छोटा खंबा, नथपा तथा रुपी के ग्राम पंचायत हैं, पूह सब-डिविजन, उक्त विनिर्दिष्ट पंचायत क्षेत्र को छोड़कर।	1000	1300
	(ख) उपर्युक्त (क) में शामिल क्षेत्र के अलावा संपूर्ण जिला	600	750
	(3) जिला कुल्लू :		
	3 (क) निर्मांद तहसील के 15/20 क्षेत्र जिसमें खर्गा, कुशवार तथा सर्गा ग्राम पंचायत शामिल हैं	1,000	1,300
	3 (ख) आउटर-सेराज (निर्मांद तहसील के बरौ तथा जकत-खाना के गावों को छोड़कर) तथा संपूर्ण जिला (पंड्रबिस के परगना तथा आउटर सेराज क्षेत्र को छोड़कर किंतु निर्मांद तहसील के बरौ एवं जगत-खाना गांव को शामिल कर)	600	750
	(4) लाहौल तथा जिला स्पिति :	1,000	1,300
	लाहौल तथा स्पिति के संपूर्ण क्षेत्र		
	(5) जिला शिमला :		

IndiaCode

	(क) रामपुर तहसील के 15/20 क्षेत्र जिसमें कूट, लबाना सदाना, सरपारा तथा चडी-ब्रांदा की पंचायतें शामिल हैं।	1000	1300
	(ख) दोड्रा-कावर तहसील, रामपुर का दरकली ग्राम पंचायत, काशापथ तहसील तथा मुनिश, परगना सराहान का घोरी चाइबिस	800	1050
	(ग) चोपल तहसील तथा घोरिस, पंजगांव, पाटस्नौ, नौबिस तथा सरहन परगना का तीन कोटी, तकलेश क्षेत्र का द्योती ग्राम पंचायत, परगना बराबिस, रामपुर कस्बा तथा रामपुर तहसील के परगना रामपुर का घोरी नोग, शिमला शहर तथा उसके उपनगर (धाली, जटोग, कसुमपती, मशोब्रा, तारादेवी एवं टुटु)	600	750
	(6) जिला कांगड़ा :		
	(क) बड़ा भंगल तथा छोटा भंगल के क्षेत्र	800	1,050
	(ख) कांगड़ा जिले का धर्मशाला शहर तथा धर्मशाला शहर में शामिल किंतु नगरपालिका सीमा के बाहर स्थित निम्नलिखित कार्यालय – महिला आईटीआई, दारी, मेकनिकल वर्कशोप, रामनगर, बाल कल्याण तथा शहर एवं देश आयोजना कार्यालय, सकोह, लोवर सकोह का सी.आर.एस.एफ. कार्यालय, कांगड़ा दुग्ध आपूर्ति योजना, दुगियार, एच.आर.टी.सी. वर्कशोप, सधेर, मंडल मलेरिया कार्यालय, दारी, वन निगम कार्यालय, शामनगर, चाय फैक्टरी, दारी, आईपीएच सब-डिविजन, दान, निपटान कार्यालय, शामनगर, बिनवा परियोजना, शामनगर, कार्यालय/जर्सी फार्म, बनूरी, सेरिकल्चर कार्यालय/इंडो-जर्मन एग्रिकल्चर वर्कशोप/एच.पी.पी.डब्ल्यु.डी. डिविजन, बुंदला, इलेक्ट्रिकल सब-डिविजन, लोहना, डीपीओ निगम, बुंदला, इलेक्ट्रिकल एच.पी.एस.ई.ई. डिविजन, घुग्गर	600	750
	(7) जिला मंडी :		
	जोगिंदर नगर तहसील का छुहर घाटी, थुनाग के पंचायत बागड़ा, छत्री, छोटधार, गरगुशैन, गटू, गर्यास, जंजेली, जर्यार, जोहर, कलहनी, कल्वान, खोलनाल, लोथ, सिलिबागी, सोमचान, थछधार, ताची, थाना के तहसील, धरमपुर ब्लॉक के पंचायत – बिंगा, कामला, सकलाना, तन्यार तथा ताराखोला, कर्सोग तहसील के पंचायत – बलिधार, बागड़ा, गोपालपुर, खजोल, महोग, मेहूदी, मंज, पेखी, सैंज, साराहन, तेबान, सुंदरनगर तहसील के पंचायत – बोही, बटवारा, धन्यारा, पौड़ा-कोठी, सेरी, शोजा।	600	750
	(8) जिला सिरमौर :	600	750
	(क) बनी, बखाली (पाछड़ तहसील), भड़ोग, भेनेड़ी (पौंटा तहसील), बिड़ला (नाहन तहसील), डिब्बड़ (पाछड़ तहसील) और थाना कसोगा (नाहन तहसील) के पंचायत		
	(ख) थानस्गिरी ट्रैक्ट	600	750
	(9) जिला सोलन :		
	मंगल पंचायत		
	(10) हिमाचल प्रदेश के शेष क्षेत्र जो उपर्युक्त (1) से (9) में शामिल नहीं है	160	200

13	उत्तर प्रदेश : चमोली, पिथौड़ागढ़ और उत्तरकाशी जिलों के क्षेत्र 2(क) पिथौड़ागढ़ और उत्तरकाशी जिलों के अन्य क्षेत्र (उत्तरकाशी का जिला मुख्यालय शामिल) 2(ख) चंपावत जिला (लोहाघाट का क्षेत्र शामिल)	1000	1300
14	उत्तरांचल : रुद्रप्रयाग और चंपावत जिलों के क्षेत्र	800	1,050

विवरणात्मक ज्ञापन

इस संबंध में संबंधित बैंकों द्वारा दिए गए विशिष्ट अधिदेश के आधार पर सदस्य बैंकों के लिए भारतीय बैंक संघ तथा बैंकों की शीर्ष अधिकारियों की यूनियनों के मध्य में हस्ताक्षरित संयुक्त नोट में स्वीकार किए गए नियम एवं शर्तों के अनुसार अधिनियमों को पूर्वव्यापी प्रभाव दिया गया है। इसलिए, किसी भी व्यक्ति के हित ऐसे पूर्वव्यापी प्रभाव द्वारा गलत ढ़ंग से प्रभावित नही होंगे।

डी.एस.ग्रोवर, उप महाप्रबंधक

[विज्ञापन -III/4/असा./341/17]

